प्रदेश में सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट के पाँच प्रस्तावों को मिली मंज़ूरी

चर्चा में क्यों?

3 नवंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के ऊर्जा सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम की अध्यक्षता में गठित राज्यस्तरीय समिति ने सौर ऊर्जा प्रस्ताव की समीक्षा कर 5.26 मेगावाट के पाँच सौर प्रोजेक्ट लगाने के प्रस्तावों को मंज़ूरी दी है।

प्रमुख बिंदु

- इसमें ईवसिया रेन्युवल प्राइवेट लिमिटेड, सहारा साय प्राइवेट लिमिटेड, टेक्नोक्स इंजीनियरिंग एंड सर्विस, सहारा साय, काशी विश्वनाथ स्टील टैक्सटाइल्स मिल लिमिटेड कुल 5.26 मेगावाट (5265 किलोवाट) के सोलर प्रोजेक्ट लगाएंगी। इसमें 24 करोड़ का निवेश किया जाएगा।
- विदित है कि उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी ने सौर नीति के तहत जुलाई 2023 में सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट लगाने के लिये आवेदन मांगे थे, जिसमें 20 मेगावाट क्षमता के सात प्रोजेक्ट के प्रस्ताव मिले।
- ऊर्जा सचिव ने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग को लेकर पीएम के संकल्प पर कार्बन उत्सर्जन कम करने को राज्य सरकार हरित ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है।
- ज्ञातव्य है कि प्रदेश में 13 अप्रैल, 2023 को नई सौर ऊर्जा नीति लागू की गई। प्रदेश में मुख्यमंत्री सोलर स्वरोज़गार योजना चलाई गई है। इसके अलावा उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन के घरेलू उपभोक्ताओं के लिये रूफटॉप सोलर पावर प्लांट लगाने हेतु प्रदेश सरकार अतिरिक्त सब्सिडी दे रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/five-proposals-for-solar-energy-projects-in-the-state-got-approval